# KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL

पत्रांक: केयू/(मान्यता/चौदह–48)150/884

दिनांक: 19/12/2023

To,

1. Prof. Diwan S. Rawat, Vice-Chancellor, (Chairman) Kumaun University, Nainital.
2. Prof. Vinod Kumar Singh, Deptt. of Chemistry, Indian Institute of Technology, Kanpur, (U.P.).
3. Prof. Virendra Singh Chauhan, International Centre For Genetic Engineering and Biotechnology, Aruna Asaf Ali Marg, New Delhi.
4. Honble Justice (Rtd.) Mr. Ramesh Chandra Khulbe, House No.-306, Solitaire Residency, 54-E.C. Road, Dwarika Chauk, Dehradun-248001
5. Dr. Shiv Narayan Siddh, Assistant Prof. Geography, M.B.P.G. College, Haldwani, Nainital.
6. Dr, Mahendra Singh Rana Dean Faculty of Biomedical Science, D.S.B. Campus, Nainital.
7. Prof. Jeet Ram, Dean Faculty of Agriculture & Forestry, D.S.B. Campus, Nainital.
8. Prof. Indu Pathak, Deppt. of Sociology, D.S.B Campus, Nainital.
9. Dr. Priyanka Neeraj Ruwali Deppt. of Sociology, D.S.B. Campus, Nainital.
10. Dr. Ravi Joshi, Deptt. of Music, D.S.B.Campus, Nainital
11. Dr. Sushila Shood, Principal, Govt. Degree College, Maldhanchaur, Nainital.
12. Dr. Dinesh Chandra Pant, Principal, Govt. P.G. College, Rudrapur, (U.S.Nagar).
13. Dr. Subhash Verma, Principal, Govt. Degree College, Sitarganj, (U.S.Nagar).
14. Dr. Purnima Bhatnagar, Deptt. of English, Govt. P.G. College Halduchaur, (Nainital).
15. Dr. Aaditya Kumar Maurya, Deppt. of Botany, R.H. Govt. P.G. College, Kashipur, (U.S.Nagar).
16. Shri Kailash Chandra S/o Shri Heera Ballabh, Krishna Bhawan, Prospect Lodge, Compound, Mallital, Nainital .
17. Dr. Suresh Dalakoti, Khurpatal, Nainital.
18. Dr. B.S. Jeena, Jeena Niketan, Vikashpuri, No.-02, H.No.-05/705, Malla Gorakhpur, Haldwani, Nanital.
19. Shri Prakash Chandra Pande Kapil Bhawan, Behind Bank of Baroda, Mallital, Nainital
20. Smt. Anita Arya, Finance Officer, Kumaun University, Nainital
21. Shri Dinesh Chandra, Registrar (Member Secretary) Kumaun University, Nainital.

**Sub: Minutes of the 150th meeting of the Executive Council.**

Dear Sir/Madam,

Kindly find herewith enclosed a copy of the minutes of 150th meeting of the Executive Council held on 08th December, 2023 at 11:30AM in Kumaun University, Nainital. It is requested that if there would be any objection in any resolution/ decision, it may kindly by informed in written to this office with in a week.

**Encl: As above**

**Yours Faithfully**

**(Dinesh Chandra)**
**Registrar**

पत्रांक: केयू/(मान्यता/चौदह–48)150/884

तददिनांक: 19/12/2023

**Copy to the following for information and necessary action:**

1. All the Hon'ble Members of the Executive Council.
2. Finance Officer, Kumaun University, Nainital.
3. Director, Research/ Dev. & Planning/D.I.C/I.Q.A.C./C.O.E./Information Scientist/ C.A.O. all section to take necessary action on this E.C. proceedings as within a period of 15 days. Point wise Action taken report must be submitted to Affiliation section of the University.
4. P.S. to V.C. for kind information of the Hon'ble Vice-Chancellor.

**(Dinesh Chandra)**
**Registrar**

# KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL

## विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की 150 वीं बैठक दिनांक 08 दिसम्बर, 2023 की कार्यवृत्तः

उपस्थिति :

1. प्रो0 डी0एस0 रावत (कुलपति)
2. प्रो0 वीरेन्द्र सिंह चौहान
3. माननीय न्यायमूर्ति (से0नि0) श्री रमेश चन्द्र खुल्बे (ऑनलाईन माध्यम)
4. डॉ0 शिव नारायण सिद्ध
5. प्रो0 जीत राम
6. डॉ0 महेन्द्र सिंह राणा
7. प्रो0 इन्दु पाठक
8. डॉ0 प्रियंका नीरज रूवाली
9. डॉ0 रवि जोशी
10. डॉ0 सुशीला शूद
11. डॉ0 दिनेश चन्द्र पन्त
12. डॉ0 सुभाष वर्मा
13. श्री कैलाश चन्द्र
14. डॉ0 सुरेश डालाकोटी
15. डॉ0 बी0एस0 जीना
16. श्री प्रकाश चन्द्र पाण्डे
17. श्रीमती अनीता आर्य (वित्त नियंत्रक)
18. श्री दिनेश चन्द्रा (कुलसचिव)

कार्यवाहीः

सर्वप्रथम कुलसचिव द्वारा कार्यपरिषद के समस्त सदस्यों का स्वागत किया गया। मा0 कुलपति जी की यह प्रथम बैठक होने पर कुलसचिव द्वारा मा0 कुलपति जी को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। तदोपरान्त मा0 कुलपति जी द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया गया, तथा नवनियुक्त सदस्यों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया एवं आभार व्यक्त किया गया तथा अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के प्रति अपनी कार्यकुशलता तथा विश्वविद्यालय को एक नई दिशा प्रदान करने हेतु सभी से सहयोग की अपेक्षा की गई। कुलसचिव द्वारा सभा का शुभारम्भ करते हुए सभी बिन्दुओं को परिषद् के सम्मुख विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया।

| मद सं0 | मद | संकल्प/निर्णय |
|---|---|---|
| 1. | विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की 149वीं बैठक दिनांक 10.02.2023 की कार्यवाही की पुष्टि। | विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की 149वीं बैठक दिनांक 10.02.2023 की कार्यवाही माननीय सदस्यों को विश्वविद्यालय के पत्रांक केयू/(मान्यता/चौदह–48) 149/1036 दिनांक 10.02.2023 के द्वारा प्रेषित कर दी गयी है, जिसकी परिषद् द्वारा पुष्टि की गई। |

| | | |
|---|---|---|
| | परीक्षकों द्वारा संस्तुत की गयी शोध उपाधि कार्य परिषद् के अनुमोदनार्थ। | द्वारा संस्तुत की गयी शोध उपाधि सूची (नोटिफिकेशन–103) का कार्यपरिषद् द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 7. | भवन आवंटन समिति की बैठक दिनांक 26.10.2023 की संस्तुतियों पर विचार एवं अनुमोदन। | भवन आवंटन समिति की बैठक दिनांक 26.10.2023 की संस्तुतियां एवं संशोधित नियमावली का कार्यपरिषद् द्वारा विचार–विमर्शों उपरान्त अनुमोदन करने के साथ–साथ यह भी निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा वेतनमान के आधार पर निर्धारित शासनादेश के आधार पर भवनों का आवंटन किया जाय। यदि निचले वेतनमान के कार्मिक को उच्च श्रेणी के आवास आंवटित किये गये हैं तो उन्हें नियमानुसार हटाया जाय और जो जिस श्रेणी का शिक्षक/कार्मिक हो उसे उसकी श्रेणी के अनुरूप आवास आवंटित किया जाय।<br>इसके साथ ही परिषद् के मा0 सदस्यों के सुझाव पर यह भी निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में विश्वविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को कक्ष आवंटित न किये जायें, जिससे की विश्वविद्यालय में आने वाले अतिथियों को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। यदि विश्वविद्यालय द्वारा विशेष परिस्थिति में किसी अधिकारी/कर्मचारी को अतिथि गृह का कक्ष आवंटित किया है तो उनको उनके पद के अनुरूप आवास आवंटित कर दिये जायें । |
| 8. | सत्र 2019–20, 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23 की नवीन/अस्थाई सम्बद्धता विस्तारण हेतु प्राप्त स्वीकृति/पूर्वानुमोदन पत्रों पर परिषद का अनुमोदन। | कुलाधिपति सचिवालय से राजकीय/निजी संस्थानों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु सत्र 2019–20 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23 की नवीन/अस्थाई सम्बद्धता विस्तारण हेतु प्राप्त स्वीकृति/पूर्वानुमोदन का अनुमोदन प्रदान किया गया। कार्यपरिषद के कुछ सदस्यों द्वारा बाजपुर स्थित सभी 05 बी0एड0 कॉलेजों की पूर्व में जांच की गई थी जिसकी जांच आख्या पर क्या कार्यवाही हुई के सम्बन्ध में पृच्छा की गई। जिसमें प्रकरण संज्ञान लिये जाने का निर्णय लिया गया तथा तदनुरूप अग्रिम कार्यवाही की जाये। |
| 9. | विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों के नाम परिवर्तन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रस्तावों को शासन को प्रेषित किये जाने हेतु परिषद की स्वीकृति। | विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों के नाम परिवर्तन के सम्बन्ध में निम्नवत् प्रस्ताव प्राप्त हुये हैं:–<br>**1.प्राचार्य,** एस0ओ0एस0 जे0एन0 कौल इन्स्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन, भीमताल के पत्रांक B.Ed./62/2021, दिनांक 30.12.2021 के द्वारा संस्थान का नाम " SOS J.N. Kaul Institute of Education, Bhimtal के स्थान पर **Hermann Gmeiner Institute of** |

| | | |
|---|---|---|
| | | अनुपालन में पूर्व में कार्यरत श्री जी0एल0 साह, क्रीडा अधिकारी, डॉ0 आर0एस0 मेर एवं डॉ0 जे0पी0 मनराल को नियुक्त तिथि से यू0जी0सी0 वेतनमान दिया गया है, उन्ही की भांति उक्त शासनादेश के अन्तर्गत उन्हें भी नियुक्त तिथि दिनांक 19–02–1994 से यू0जी0सी0 वेतनमान एवं प्रोन्नति दिये जाने का अनुरोध किया गया।<br>डॉ0 शर्मा के प्रत्यावेदन पर विश्वविद्यालय द्वारा जांच हेतु एक समिति गठित की गई। समिति द्वारा अपनी आख्या/संस्तुति दिनांक 27–02–2023 को विश्वविद्यलय में सौंपी गई है। जिसमें डॉ0 शर्मा को दिनांक 19–02–1998 से यू0जी0सी0 वेतमान दिये जाने की संस्तुति की गई है।<br>परिषद द्वारा उपरोक्त का संज्ञान लेते हुए निर्णय लिया गया कि गठित समिति में शासन के अधिकारी होने आवश्यक हैं, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं वित्त नियंत्रक को सम्मिलित करते हुए पुनः समिति गठित की जाय। गठित समिति पुनः उपरोक्त की जांच करेगी तथा जांचोंपरान्त सुस्पष्ट आख्या वित्त समिति के माध्यम से आगामी कार्यपरिषद में प्रस्तुत की जायेगी। |
| 12. | प्रो0 विजय जुयाल प्राध्यापक फार्मेसी विभाग को 01 वर्ष का असाधारण अवकाश स्वीकृति का अनुमोदनार्थ प्रस्तुत। | प्रो0 विजय जुयाल, प्राध्यापक, फार्मेसी विभाग को शासनादेश संख्या 158513/XXVIII(5)/2023 (E-52325) देहरादून दिनांक 30 अक्टूबर, 2023 के द्वारा हे0न0चि0 विश्वविद्यालय देहरादून में परीक्षा नियंत्रक के पद पर नियुक्त होने के फलस्वरूप शासनादेश संख्या 1424/XXIV(4)/2019–01 (28/2016) दिनांक 06–09–2019 नियम 2008 में वर्णित व्यवस्था एवं विश्वविद्यालय के अधिवक्ता से विधिक राय के अनुपालन में, प्रो0 जुयाल को 01 वर्ष का असाधारण अवकाश स्वीकृत किया गया है तथा विश्वविद्यालय से दिनांक 13–10–2023 के अपरान्ह् से कार्यमुक्त किया गया।<br>उपरोक्त पर परिषद् के चार निर्वाचित सदस्यों द्वारा आपत्ति व्यक्त की गयी तथा परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि भविष्य में किसी भी दशा में प्रो0 जुयाल को असाधारण अवकाश स्वीकृत न किया जाय तथा इनकी इस समय की अवकाश अवधि में नियमानुसार अतिथि व्याख्याता की तैनाती कर दी जाय साथ ही इनके प्रकरण को शासन को भी सन्दर्भित कर दिया जाय। |
| 13. | प्रो0 जी0के0 शर्मा, भू–विज्ञान विभाग, डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल के आवेदन पर | प्रो0 जी0के0 शर्मा भू–विज्ञान विभाग, डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल के आवेदन पर उन्हें दिल्ली |

| | | |
|---|---|---|
| 17. | विश्वविद्यालय में शिक्षक/शिक्षणेत्तर कार्मिकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु जारी विज्ञप्ति की वैद्यता के निर्धारण के संबंध में विचार। | विश्वविद्यालय में शिक्षक/शिक्षणेत्तर कार्मिकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु विश्वविद्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति की वैद्यता की समयावधि के निर्धारण के संबंध में कार्यपरिषद् द्वारा विचार–विमर्शोपरान्त विज्ञप्ति को एक वर्ष तक वैद्य मानने का निर्णय लिया गया। |
| 18. | कार्यपरिषद से निर्मित रोस्टर समिति के पुनर्गठन का कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदन। | विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की 149वीं बैठक के मद सं0 03 में लिये गये निर्णय के क्रम में शैक्षिक/गैर शैक्षिक कार्मिकों के रिक्त पदों में रोस्टर निर्धारण किये जाने हेतु निम्नलिखित समिति का गठन किया गया था:–<br>1. मा0 न्यायमूर्ति श्री सर्वेश कुमार गुप्ता (सेवानिवृत्त) सदस्य कार्यपरिषद् **(अध्यक्ष)**<br>2. श्री प्रकाश चन्द्र पाण्डे सदस्य कार्यपरिषद् **(सदस्य)**<br>उपरोक्त गठित रोस्टर समिति के अध्यक्ष मा0 न्यायमूर्ति श्री सर्वेश कुमार गुप्ता द्वारा विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् सदस्य से त्याग पत्र दिये जाने के फलस्वरूप उनके स्थान पर मा0 कुलपति जी (अध्यक्ष मा0 कार्यपरिषद्) द्वारा कार्यपरिषद् की स्वीकृति की प्रत्याशा में निम्नलिखित समिति गठित की गई है:–<br>1. श्री आर0एन0 वत्स **(अध्यक्ष)** वरिष्ठ अधिवक्ता मा0 सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली।<br>2. डॉ0 नरेश कुमार **(सदस्य)** उप कुलसचिव, दिल्ली विश्वविद्यालय।<br>3. श्री प्रकाश चन्द्र पाण्डे **(मा0 कार्यपरिषद सदस्य)**<br>4. प्रो0 राजीव रत्न, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, किच्छा। **(अनु0सू0 जाति प्रतिनिधि)**<br>5. प्रो0 जी0एस0 यादव, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, पतलोट। **(ओ0बी0सी0 प्रतिनिधि)**<br>उपरोक्त गठित रोस्टर समिति का कार्यपरिषद् द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया तथा प्रो0 जीत राम, संकायाध्यक्ष, वन एवं कृषि संकाय को समिति के सदस्य के रूप नामित किये जाने का निर्णय लिया गया। |
| 19. | राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (NAAC) द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त ग्रेड के संबंध में। | राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (NAAC) द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त ग्रेड–बी0 (जुलाई 2017 से प्रभावी) के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 27.10.2023 को नैक द्वारा प्रदान किये गये ग्रेड के सुधारीकरण हेतु अपील की गयी है, जिससे कार्यपरिषद् अवगत हुयी। |

| | | |
|---|---|---|
| | | की उपलब्धता के आधार पर प्रस्ताव वित्त समिति के माध्यम से कार्यपरिषद् के सम्मुख प्रस्तुत किया जाना होगा। |
| 22. | क्रीड़ा समिति की बैठक दिनांक 14 सितम्बर, 2023 की कार्यवाही का अनुमोदन। | विश्वविद्यालय क्रीड़ा समिति की दिनांक 14 सितम्बर, 2023 की कार्यवाही का कार्यपरिषद् द्वारा विचार–विमर्शोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 23. | डॉ0 संजीव कुमार आर्य के विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव पद पर कार्यभार ग्रहण करने के संबंध में। | उत्तराखण्ड शासन उच्च शिक्षा अनुभाग–1 के कार्यालय ज्ञाप संख्याः 632 /XXIV-C-1/2023-01(06)/2015, दिनांक 24 जुलाई, 2023 के द्वारा विश्वविद्यालय में उप कुलसचिव (प्रतिनियुक्ति) के पद पर डॉ0 संजीव कुमार आर्य पुत्र स्व0 श्री प्रेम राम आर्य, असिस्टेंट प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालय, पतलोट, नैनीताल की नियुक्ति की गई है।<br>उक्त के क्रम में डॉ0 संजीव कुमार पुत्र स्व0 श्री प्रेम राम आर्य, असिस्टेंट प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालय, पतलोट, नैनीताल द्वारा दिनांक 01.08.2023 के पूर्वान्ह में उप कुलसचिव (प्रतिनियुक्ति) के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है, जिससे कार्यपरिषद अवगत हुयी। |
| 24. | विश्वविद्लय में सहायक कुलसचिव पद पर कार्यभार ग्रहण के सम्बन्ध में। | उत्तराखण्ड शासन उच्च शिक्षा अनुभाग–1 की विज्ञप्ति/नियुक्ति संख्या–1136(1)/XXIV-C-1/2021-01(05)/ 2019 दिनांक 21 अक्टूबर, 2023 के द्वारा विश्वविद्यालय में सहायक कुलसचिव के पद पर श्री बृजमोहन सिंह पुत्र श्री विरेन्द्र सिंह, रिस्पनापुरम कॉलोनी अजबपुरकलॉ, जनपद–देहरादून की नियुक्ति की गई है।<br>श्री बृजमोहन सिंह के द्वारा दिनांक 01.11.2023 के पूर्वाह्न में सहायक कुलसचिव पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है।<br>उत्तराखण्ड शासन उच्च शिक्षा अनुभाग–1 की विज्ञप्ति/नियुक्ति संख्या–1135(1)/XXIV-C-1/2021-01(05)/ 2019 दिनांक 21 अक्टूबर, 2023 के द्वारा विश्वविद्यालय में सहायक कुलसचिव के पद पर श्री शमशेर सिंह पुत्र श्री किकरू राम, ग्राम–धारिया, पो0ऑ0–मलेथा तहसील–चकराता जनपद–देहरादून की नियुक्ति की गई है। उनके द्वारा दिनांक 09.11.2023 के पूर्वाह्न में सहायक कुलसचिव पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है, जिससे कार्यपरिषद् अवगत हुयी। |
| 25. | परीक्षा नियंत्रक के पद पर डॉ0 महेन्द्र राणा, संकायाध्यक्ष बायोमेडिकल संकाय तथा विभिन्न निदेशालयों में नियुक्त निदेशकों की नियुक्ति से परिषद को अवगत कराना। | 1. कार्यालय आदेश संख्या के0वि0/ आर0ओ0/ 2023/241 दिनांक 09.10.2023 के द्वारा डॉ0 महेन्द्र राणा, संकायाध्यक्ष बायोमेडिकल संकाय को परीक्षा नियंत्रक के पद पर नियुक्ति।<br>2. कार्यालय आदेश संख्या के0वि0/ आर0ओ0/ 2023–24/223 दिनांक 25.09.2023 के द्वारा विभिन्न |

| | | |
|---|---|---|
| | | प्रक्रियान्तर्गत निर्मित उपरोक्त प्रारूपों का कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 28. | कुमाऊँ विश्वविद्यालय,, नैनीताल में विधि संकाय हेतु शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर पदों के सृजन हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने का कार्यपरिषद का अनुमोदन। | कुमाऊँ विश्वविद्यालय,, नैनीताल में विधि संकाय हेतु शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर निम्नलिखित पदों के सृजन हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने का कार्यपरिषद का अनुमोदनः–<br>1. Professor - 01<br>2. Associate Professor - 02<br>3. Assistant Professor - 13<br>Total 16<br>4. Library Staff - 04<br>5. Clerical Staff - 02<br>Total 06<br>उपरोक्त प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने हेतु अनुमोदन करने के साथ–साथ परिषद् द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि शिक्षा संकाय, कृषि एवं वानिकी संकाय तथा अन्य संकायों/विभागों/पाठ्यक्रमों में नियामक संस्थाओं के अनुरूप आवश्यकतानुसार नियमित (शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर) पदों के सृजन का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाए। |
| 29. | कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल में शैक्षिक/गैर शैक्षिण पदों पर रोस्टर लगाये जाने के लिये गठित रोस्टर समिति हेतु दिशा–निर्देशों का परिषद द्वारा अनुमोदन। | परिषद द्वारा वर्णित शैक्षिक/गैर शैक्षिण पदों पर रोस्टर लगाये जाने के लिये गठित रोस्टर समिति हेतु दिशा–निर्देशों का अनुमोदन इस प्रतिबन्ध के साथ किया गया कि रोस्टर में विद्यमान शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। |
| 30 | कैरियर एडवान्समेन्ट स्कीम (CAS) के तहत प्रोन्नति हेतु अर्ह शिक्षकों द्वारा उचित माध्यम से आवेदन करने पर विचार। | विश्वविद्यालय के शिक्षक जब भी कैरियर एडवान्समेन्ट स्कीम (CAS) के अन्तर्गत प्रोन्नति हेतु अर्ह हो, द्वारा उचित माध्यम प्रोन्नति हेतु आवेदन कर सकते हैं, ऐसे समस्त प्रकरणों का सारांश प्रत्येक तीन माह में मा0 कुलपति जी के समक्ष चयन प्रक्रियाओं पर विचार हेतु रखे जाने का परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |

अन्य मद मा0 कुलपति जी (अध्यक्ष) की अनुमति सेः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिसूचना Rego No. D.L. 33004/99 दिनांक 31 जुलाई, 2023 मा0 कार्यपरिषद् के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत। | विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिसूचना Rego No. D.L. 33004/99 दिनांक 31 जुलाई, 2023 में विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हता तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख–रखाव हेतु अन्य उपायों सम्बन्धी अधिसूचना का कार्यपरिषद् द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |

| | | |
|---|---|---|
| | | को छात्रवृत्ति दिये जाने हेतु विश्वविद्यालय स्तर से प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया। |
| 9 | विश्वविद्यालय में सुरक्षा एजेंसी के सम्बन्ध में विचार। | कार्यपरिषद के मा0 सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में जो सुरक्षा एजेंसी कार्य कर रही है उसके द्वारा कार्मिकों एवं सुरक्षा कर्मियों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पारिश्रमिक सम्बन्धित ऐजेंसी द्वारा नहीं दिया जा रहा है।<br>उपरोक्त के सम्बन्ध में मा0 कुलपति जी के द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त की जांच की जायेगी तथा भविष्य में शासन द्वारा निर्धारित/पंजीकृत एंजेसी से ही विश्वविद्यालय सुरक्षा एवं कार्मिकों को नियमानुसार रखे जाने की कार्यवाही की जायेगी। जिसको परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया। |

अंत में कुलसचिव द्वारा परिषद् के सभी मा0 सदस्यों का आभार/धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ ही सभा का समापन किया गया।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव

दिनांक 18.12.2023